## संक्षिप्त

### शिविर में 220 लोग हुए लाभान्वित

**झुंझुनूं,(निसं)।** महावीर इंटरनेशनल सनराइज एवं आशुतोष होम्योपैथिक औषधालय छावनी बाजार के संयुक्त तत्वावधान में स्वर्गीय केदारमल हलवाई की स्मृति में उनके परिवार द्वारा आयोजित निशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर अग्रवाल कटला झुंझुनूं में संपन्न हुआ। शिविर में 220 रोगियों की जांच कर निशुल्क दवाइयां उपलब्ध करवाई गई। कार्यक्रम में रमाकांत हलवाई, संरक्षक डॉ. एसएन शुक्ला, अंतरराष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्यामसुंदर जालान, जोन चेयरमैन नागरमल जांगिड, रीजन सेक्रेटरी महेश कुमार मूंड, देवेंद्र कुमार गौड, प्रदीप शुक्ला, डॉ. मूलसिंह, प्रमोद कुमार, महेश कुमार अग्रवाल एवं काफी संख्या में गणमान्यजन व डॉक्टर्स टीम उपस्थित रहें।

### पंकज पूनिया का किया अभिनन्दन

**सादुलपुर, (निसं)।** शहीद महेंद्र सिंह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सूरतपुरा की कक्षा 07वीं की छात्रा पंकज पूनिया ने 68वीं राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में ब्रॉन्ज मैडल जीता कर लौटने पर छात्रा का अभिनन्दन किया गया। इस उपलब्धि पर विद्यालय में साफा बांधकर व ट्रैक सूट प्रदान कर अभिनन्दन स्वागत हुआ। शनिवार दोपहर तीन बजे आयोजित अभिनन्दन कार्यक्रम की अध्यक्षता केहर सिंह ने की तथा मुख्य अतिथि भोजान प्राचार्य महेंद्र सहारण थे। सुमन देवी,निर्मला सिहाग,रणधीर सिंह,समुद्र पूनिया,विजय कामरेड,सुमेर पूनिया,नरेंद्र मेघवाल,नरेंद्र पूनिया,पूर्णमल व विद्यालय प्रबंध समिति सदस्य मौजूद रहे।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने जीत का जश्न मनाया

**बीदासर ।** महाराष्ट्र विधानसभा के चुनाव व राजस्थान विधानसभा के उपचुनाव में भाजपा की शानदार जीत पर शनिवार की शाम भाजपा नगर अध्यक्ष अरुण तिवारी के नेतृत्व में कस्बे के पुराना बस स्टेण्ड पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने जीत का जश्न मनाया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने ढोल नगाड़ो पर जमकर नृत्य किया, तथा एक दूसरे को मिठाइयां खिलाकर खुशी मनाई। जीत की खुशी में जमकर पटाखे फोड़े। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष अरुण तिवारी, पूर्व मंडल अध्यक्ष संचियालाल बैद, मंडल महामंत्री राजेश सोनी, गोपाला राम छापोला, उपाध्यक्ष कमल माली, पार्षद सांवरमल सैन, ललित माली, मांगीलाल प्रजापत, दीपक सांखला, हेमंत नाथ सिद्ध, श्री कृष्ण तेजस्वी, युवा मोर्चा अध्यक्ष जयप्रकाश दर्जी, सुरेन्द्र सुथार, हुकमी चंद सिंघी, प्रकाश यादव, काशी राजपुरोहित, विजय सिंह राजपुरोहित, कमल शर्मा, नितेश नाई, देवी सिंह राजपुरोहित सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### जागरूकता सेमिनार का आयोजन

**सीकर ।** स्थित आईआईटी जेईई एवं नीट कोचिंग संस्था पीसीपी पिपराली रोड कैंपस में निर्वाचन विभाग, सीकर द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान एवं नव मतदाता पंजीकरण सेमिनार का आयोजन किया गया। जिला स्वीप कॉर्डिनेटर राकेश कुमार लाटा ने विद्यार्थियों को मतदान के प्रति प्रेरित करने के साथ ही नवीन मतदाता के रूप में पंजीकरण की जानकारी भी दी।सेमिनार में 18 वर्ष से अधिक आयु के हजारों विद्यार्थियों का वीएचए एप के माध्यम से नवीन मतदाता के रूप में पंजीकरण किया गया।कार्यक्रम में पीसीपी पिपराली रोड कैंपस प्रबंध निदेशक ओंकार मूंड, एकेडमिक हेड राकेश रोहिला, कॉर्डिनेटर सुरेश कुमार, अमित शर्मा सहित समस्त स्टाफ मेंबर्स एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

**सादुलपुर, (निसं)।** राजस्थान इंटरनेशनल स्कूल राजगढ में शनिवार को दोपहर दो बजे विज्ञान वर्ग, गणित व सामान्य ज्ञान पर आधारित कक्षा 09वीं से 12 वीं तक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ-चढकर भाग लिया। क्विज प्रतियोगिता चार राउंड में रखी गई, जिसमें गरुड हाउस प्रथम स्थान पर एवं मयूर हाउस द्वितीय स्थान पर रहा। विद्यालय के प्राचार्य अनिल शास्त्री ने बताया कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में वृद्धि होती है। सहनिदेशक सूर्य प्रकाश साहू ने विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिता में बढ-चढकर हिस्सा लेने की बात कही। कार्यक्रम को सफल बनाने में सुमेर सिंह, महेंद्र सुखवीर राकेश, दशरथ, विक्रम, मांगेराम, नीतू ,अर्चिता, अनुसुइया आदि स्टाफ सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम का संचालन विशाखा शर्मा व पंकज मल ने किया।

# सड़क बनाने के लिए प्रशासन ने हटाया अतिक्रमण



पुलिस व प्रशासन ने रास्ते से जेसीबी की सहायता से अवैध अतिक्रमण हटाया

- अवैध अतिक्रमण पर प्रशासन ने की कार्वाई,
- दोबारा अतिक्रमण करने पर दिए कार्रवाई के निर्देश

**खेतडी,( निसं )।** खेतडी उपखंड में प्रशासन की ओर से अवैध अतिक्रमण पर कार्रवाई को अंजाम दिया है। सडक निर्माण में अतिक्रमण होने से आम रास्तों में हो रहे अतिक्रमण को हटाकर रास्ते सुचारू रूप से चालू करवाएं गए है। तहसीलदार सुनील कुमार ने बताया कि खेतडी उपखंड के बबाई व गाडराटा की ढाणी बैचा वाली में दो स्थानों पर आम रास्तों में अतिक्रमण होने से रास्ते पूरी तरह से अवरूद्ध हो रहे थे। कुछ लोगों द्वारा अतिक्रमण कर लेने से आमजन को काफी परेशानियों का सामना करना पड रहा था, जिसको लेकर प्रशासन को अतिक्रमण हटाने के लिए अवगत करवाया गया था। जिस पर प्रशासन की ओर से अवैध अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई करते हुए आम रास्तों से अतिक्रमण हटवाया। उन्होंने बताया बबाई बाईपास सडक से स्वामी वाली ढाणी में जाने वाले आम रास्ते पर तथा गाडराटा ग्राम पंचायत की ढाणी बैचा वाली में सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा आम रास्ते पर इंटरलॉक सडक बनाने का कार्य करवाया जा रहा है। इस दौरान सामने आया कि दोनों आम रास्तों में कुछ लोगों द्वारा कच्चा निर्माण व झाडियां डालकर रास्ते को अवरूद्ध कर रखा है।जिस पर पुलिस व प्रशासन ने रास्ते से जेसीबी की सहायता से अतिक्रमण हटाया। अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान कुछ लोगों ने विरोध किया तो पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने समझाइस कर मामले को शांत किया। इस दौरान उन्होंने अतिक्रमण करने वाले लोगों से कहा कि यदि दोबारा से आम रास्ते में अतिक्रमण किया गया तो प्रशासन की ओर से कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

इस मौके पर तहसीलदार सुनील कुमार, नायब तहसीलदार बबाई विजयपाल सिंह, थानाधिकारी सरदारमल यादव, सार्वजनिक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता प्रणव कुमार, कनिष्ठ अभियंता रोहिताश मीणा, हल्का गिरदावर मनीराम सैनी, सूरजमल सैनी सहित बबाई पुलिस थाने व पुलिस लाइन का जाब्ता मौजूद था।

## भाजपा की जीत पर कार्यकर्ताओं ने मनाई खुशी

**सीकर ।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड बहुमत से जीत होने एंव राजस्थान उपचुनावों में 7 से 5 सीटों पर भाजपा की प्रचंड जीत होने पर कार्यकर्ताओं ने खुशी मनाई।गढ़ परिसर तारानगर के आगे कार्यकर्ताओं ने भाजपा नेता राकेश जांगिड़ एंव एक दूसरे का मुंह मीठा कराते हुए शुभकामनाएं दी।भाजपा नेता जांगिड़ ने बताया कि प्रदेश भाजपा सरकार के सुशासन एंव मोदी जी की गारण्टी पर आमजन ने विश्वास जताया हैमहाराष्ट्र में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक और प्रचंड जीत हुई है तथा राजस्थान में 7 से 5 सीटों पर भाजपा ने बड़ी जीत हासिल की हैसमस्त कार्यकर्ताओं को ढेर सारी बधाई व शुभकामनाएं। इस दौरान पूर्व विधानसभा प्रत्याशी भाजपा नेता राकेश जांगिड़, जमरदीन तैली,मो.तैयब, माणकचंद्र सैनी, पार्षद शिवकुमार शर्मा ,हरि इंदोरिया मांगीलाल पांडिया, किशनसिंह राठौड़, लालचंद ,विजय सोनी, पंकज जांगिड़, रोहिताष शर्मा,दिलावर समेत अनेक मौजूद रहे।

# डॉ. सतीश पूनियां को केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया



भाजपा की उपचुनाव में प्रचण्ड जीत एवं भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां को केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किए जाने पर खुशी मनाते भाजपा पदाधिकारीगण

**सादुलपुर, (निसं)।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव एवं राजस्थान विधानसभा उपचुनाव में भाजपा को मिली प्रचण्ड जीत पर सादुलपुर भाजपा कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी एवं मिठाई वितरण कर खुशी मनाई। साथ ही शनिवार शाम पांच बजे भाजपा कार्यकर्ताओ ने भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां को केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किए जाने पर केंद्रीय नेतृत्व का आभार व्यक्त किया।

- उप चुनाव में जीत व डॉ. सतीश पूनियां को केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किए जाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं में जश्न का माहौल,

इस अवसर पर भाजपा नेता वेदप्रकाश पूनिया, प्रोफेसर दलीप पूनियां, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश खीचड एडवोकेट, भाजपा जिला मंत्री डॉ. कौशल पूनिया, जोगेंद्र झाझडिया, किसान मोर्चा जिला महामंत्री कृष्ण कुमार भाकर, विमल पूनिया, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष राकेश सैनी, रामावतार बैरासरिया, डॉ. मान सिंह राठौड, सुरेश मुद्गल, पवन रेड्डू व प्रदीप गोदारा पहाडसर सहित अनेक भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश खीचड ने बताया कि झुंझुनूं ने 21 साल बाद ऐतिहासिक जीत दर्ज कर भारतीय जनता पार्टी ने कमल खिलाया है, जिसके लिए सभी कार्यकर्ताओं व मतदाताओं का आभार। राजस्थान में सात में से पांच सीट जीत कर ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। जबकि कांग्रेस पार्टी सिर्फ एक सीट पर सिमट कर रह गई है।

## बेकाबू ट्रक ने महिला को कुचला, ग्रामीणों ने जाम लगाया

- तहसीलदार, डीएसपी सिटी तथा सदर सीआई ने समझाइश कर रास्ता खुलवाया
- भगवती देवी के परिवार को सहायता दिलाने तथा परिवार के एक सदस्य को अनुकंपा नियुक्ति दिलाने की मांग को लेकर जाम लगाया

**झुंझुनूं,( निसं )।** सदर थाना इलाके के भूरासर का बास गांव के बस स्टैंड पर शनिवार को एक बेकाबू मिनी ट्रक ने महिला को कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। आक्रोशित ग्रामीणों ने रोड पर जाम लगा दिया। करीब दो घंटे जाम के कारण झुंझुनूं-मलसीसर रोड पर यातायात बाधित रहा। मौके पर पहुंचे तहसीलदार महेंद्र मूंड, डीएसपी सिटी वीरेंद्र शर्मा तथा सदर सीआई अशोक चौधरी ने समझाइश कर रास्ता खुलवाया।

जानकारी के मुताबिक गांव की बुजुर्ग महिला भगवती देवी पत्नी नंदलाल मांजू अपने पीहर जाकर झुंझुनूं से बस में बैठकर भूरासर का बास गांव पहुंची थी। बस स्टैंड पर बस से उतरते ही झुंझुनूं की तरफ से आ रहे एक मिनी ट्रक ने गलत साइड में अपने मिनी ट्रक को दौड़ाया और भगवती देवी को कुचल दिया। हादसे के बाद मिनी ट्रक चालक अपने वाहन को तेजी गति से भगाकर ले गया। ग्रामीणों ने धनूरी पुलिस को फोन किया। इधर रोड पर जाम लगा दिया। धनूरी पुलिस ने ट्रक चालक को पकड़कर ट्रक को कब्जे में ले लिया, लेकिन ग्रामीण इस रोड पर ब्रेकर बनवाने, मामले की निष्पक्ष जांच करवाने, मिनी ट्रक चालक के खिलाफ कार्रवाई करने, भगवती देवी के परिवार को सहायता दिलाने तथा परिवार के एक सदस्य को अनुकंपा नियुक्ति दिलाने की मांग को लेकर जाम लगा दिया। मौके पर पहुंचे सरपंच प्रतिनिधि राकेश मांजू के साथ तहसीलदार, सिटी डीएसपी व सीआई की वार्ता हुई, जिसमें सहमति बनने के बाद जाम खोला गया। फिलहाल मृतक महिला का शव राजकीय बीडीके अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है।

## नवजात बच्चे का सिर मिलने से सनसनी फैली

**सादुलपुर, (निसं)।** राजगढ़ कस्बे के माता मंडी के पास एक नवजात बच्चे का सिर मिलने से सनसनी सी फैल गई। शनिवार शाम पांच बजे मिली जानकारी में नवजात बच्चे के सिर को श्वानों ने नोच रखा था। थाना अधिकारी पुष्पेंद्र सिंह झाझड़िया ने बताया कि शनिवार सुबह सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची तथा घटना का मौका निरीक्षण किया।उन्होंने बताया कि नवजात बच्चे के सिर को श्वान कहीं से उठाकर माता मंडी के पास ले आए थे। उन्होंने बताया कि मौके पर नरेगा में काम करने वाली महिलाओं ने बताया कि बच्चों के सिर को कहीं से कुत्ते उठा कर लाए हैं। बताया कि पुलिस ने बच्चे के सिर को अपने कब्जे में ले लिया और राजकीय उप जिला अस्पताल राजगढ़ की मोर्चरी रूम में रखवाया। इसके अलावा पुलिस ने घटनास्थल के नजदीक शिशु मोक्ष भूमि एवं कब्रिस्तान आदि में भी इस बात की जानकारी की जा रही है कि कहीं किसी नवजात बच्चे को दफनाया गया है या नहीं। साथ ही शहर के सभी अस्पतालों में भी पुलिस ने आज कल में नवजात बच्चे के जन्म होने की जानकारी प्राप्त की है।

## भाजपा राजेंद्र भांबू का मंत्री गहलोत ने किया स्वागत

- झुंझुनूं में दो दशक बाद कमल खिलाने में मंत्री गहलोत का महत्वपूर्ण योगदान
- राजेंद्र भांबू की जीत पर अविनाश गहलोत के योगदान का सम्मान करने के लिए कार्यकर्ता पुरा की ढाणी पहुंचे

**झुंझुनूं,(निसं)।** भाजपा की उप चुनाव में हुई जीत जनता की जीत बताई जा रही है। कार्यकर्ताओं की मेहनत और एकजुटता के साथ चुनाव लडना भी एक खास वजह है। लेकिन इन सबके बीच केबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत एक बडा पॉवर प्वाइंट बनकर सामने आए है। इस जीत से केबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत का भी कद बढेगा। दिग्गज नेता शीशराम ओला के अभेद गढ को मंत्री गहलोत ने दिन-रात एक करके ना केवल ढहाया है। बल्कि इतनी बडी जीत हुई है। जो अब तक झुंझुनूं विधानसभा में किसी भी दिग्गज नेता की नहीं हुई। जबकि यहां से पहले विधानसभा अध्यक्ष नरोत्तमलाल जोशी, शीशराम ओला, सुमित्रा सिंह और बृजेंद्र ओला जैसे दिग्गज चुनाव लड चुके है। आपको बता दें कि मंत्री गहलोत ने चुनावों के दौरान गांव-गांव, ढाणी-ढाणी में जाकर बिना ताम-झाम के धरातली काम किया। जिसकी बदौलत काफी अच्छा परिणाम सामने आया है। इधर, झुंझुनूं विधानसभा उप चुनाव में भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र भांबू की ऐतिहासिक जीत पर प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत के योगदान का सम्मान करने के लिए कार्यकर्ता पुरा की ढाणी पहुंचे। जहां पर मंत्री गहलोत का भव्य स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, केबिनेट मंत्री सुमित गोदारा व अविनाश गहलोत के प्रभावी चुनाव प्रबंधन व उनके दिशा निर्देश पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा की गई मेहनत का फल था कि कांग्रेस के अजेय गढ को ध्वस्त किया गया। मंत्री के स्वागत में वरिष्ठ भाजपा नेता महेश बसावतिया, शिवचरण पुरोहित, मुरारी सैनी, डॉ.कमलचंद सैनी, महमिया, पार्षद बुधराम सैनी, विनोद पुरोहित, सचिन शर्मा आदि उपस्थित थे।

# संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने विविध समस्याओं पर किया विचार विमर्श



मंत्री पटेल जिला मुख्यालय स्थित सर्किट हाउस में स्थानीय जनप्रतिनिधियों से रूबरू हुए और जिले में विकास गतिविधियों से के बारे में जानकारी ली ।

- संसदीय कार्य, विधि एवं विधिक कार्य, विधि परामर्शी कार्यालय एवं न्याय विभाग मंत्री जोगाराम पटेल चूरू में स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं से की मुलाका

**चूरू, (का.सं.)।** संसदीय कार्य, विधि एवं विधिक कार्य, विधि परामर्शी कार्यालय एवं न्याय विभाग मंत्री जोगाराम पटेल चूरू आए। मंत्री पटेल शनिवार को जिला मुख्यालय स्थित सर्किट हाउस में स्थानीय जनप्रतिनिधियों से रूबरू हुए और जिले में विकास गतिविधियों से के बारे में जानकारी ली।पटेल ने कहा कि प्रदेश सरकार के कार्यकाल का एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में प्रदेशवासियों को बेहतरीन सौगात मिलेगी। युवाओं को रोजगार क्षेत्र में नए अवसर मिलेंगे तथा सरकारी विभागों में रिक्तियों को भरा जाएगा। प्रदेश सरकार युवाओं के सुरक्षित भविष्य के लिए कृत संकल्पित है। हम सरकारी विभागों में कामकाज की गति को तीव्र करने के उद्देश्य से सहायक कर्मचारी एवं ड्राइवर की भर्ती कर रहे हैं। सरकार का पूर्ण प्रयास रहेगा कि मार्च तक सभी विभागों में सहायक कर्मचारी एवं ड्राइवर पदस्थापित किए जाएं।उन्होंने कहा कि स्थानीय जनप्रतिनिधि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक पहुंचाए। सरकार की मंशानुरूप प्रत्येक व्यक्ति तक विकास की राह आसान हो और लाभान्वितों से सकारात्मक फीडबैक सामने आएं।उन्होंने कार्यकर्ताओं से शासन . प्रशासन की गतिविधियों की जानकारी लेते हुए कहा कि आमजन को सुलभ सुविधाएं मुहैया करवाने के लिए कार्यकर्ता सक्रियता से काम करें। विधायक हरलाल सहारण ने चूरू विधानसभा क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों के बारे में रूबरू करवाया।इस अवसर पर विधायक हरलाल सहारण, प्रधान दीपचंद ,जिला उप प्रमुख महेंद्र न्यौल, वासुदेव , ओम , विक्रम कोटवाद, अभिषेक चोटिया, भास्कर शर्मा, सुरेश सारस्वत, दीनदयाल सैनी सहित जनप्रतिनिधियों व कार्यकर्ताओं ने मंत्री पटेल का स्वागत व अभिनंदन किया।इस अवसर पर पटेल ने चूरू जिले में पेयजल समस्या, कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था, विभागीय गतिविधियोंए राजस्व प्रकरणों, जिलेवासियों की आजीविका, रोजगार व आय के स्रोत तथा आमजन की समस्याओं के बारे में जानकारी ली। जिला कलक्टर सुराणा ने जिला प्रशासन की गतिविधियोंए बजट घोषणाओं की क्रियान्विति और प्रदेश सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में जिला प्रशासन की तैयारियों के बारे में अवगत करवाया। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन प्रदेश सरकार की मंशानुरूप आमजन को सुविधाओं का समुचित लाभ मुहैया करवाने के लिए मुस्तैदी से कार्य कर रहा है। टीम के बेहतर सामंजस्य के साथ जिलेवासियों को सभी सेक्टरों में बेहतरीन सुविधाओं उपलब्ध करवाने के लिए जिला प्रशासन प्रतिबद्ध है।उन्होंने राज्य सरकार के निर्णयों एवं योजनाओं को जिले की जनता तक शत प्रतिशत क्रियान्वित करते हुए लाभान्वित करने का आश्वासन दिया।तहसीलदार अशोक गोरा ने राजस्व व्यवस्थाओं की जानकारी दी।संसदीय कार्य, विधि एवं विधिक कार्य, विधि परामर्शी कार्यालय एवं न्याय विभाग मंत्री जोगाराम पटेल चूरू में स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं से की मुलाकात।

## सार-समाचार

### 24वां तहसील सम्मेलन आयोजित




**चूरू,(का.सं.)।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी तहसील कमेटी चूरू का 24वां तहसील सम्मेलन शनिवार को शिक्षक भवन में समारोह पूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रभारी कामरेड छगनलाल चौधरी थे। तहसील सचिव दीपाराम प्रजापत ने झंडारोहण किया। इस दौरान किसानों ने शहीद वेदी पर पुष्पांजलि अर्पित कर दो मिनट का मौन रखा। तहसील कमेटी सदस्य एडवोकेट इंद्राज सिंह ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। रिपोर्ट पर बहस में 10 साथियों ने हिस्सा लेकर अपने सुझाव दिये। बहस का जवाब इंद्राज सिंह ने दिया। इस अवसर पर नई कमेटी का गठन किया गया। जिसमें दीपाराम को दूसरी बार तहसील सचिव बनाया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कामरेड छगनलाल चौधरी ने बताया कि दुनिया में दो वर्ग है। पूंजीवादी वर्ग में कसेरा वर्ग पूंजीवादी वर्ग का राज पर कब्जा है। अखबार टीवी अन्य साधनों पर पूंजीपतियों का कब्जा है। इसी प्रचार.प्रसार से यह लोग चुनाव लड़ते हैं और राज पर कब्जा करते हैं पार्टी का संघर्ष लगातार जारी रहेगा। आगामी 25 नवंबर को सातड़ा जीएसएस पर किसानों का धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इस मौके पर इंद्राज सिंह, दीपाराम, मीरजामल, रंजीत कुमार, शुभकरण, बेगाराम मील, हरचंद कड़वासरा, करणीसिंह, श्रीराम प्रजापत, गुमानाम मांझू आदि उपस्थित थे।

### सिल्वर मैडल जीतने पर किया सम्मान

**चूरू, (का.सं.)।** ग्राम बीनासर की जैनिथ पब्लिक स्कूल में अध्ययनरत मोलीसर बड़ा के कक्षा 11 के छात्र सुरेन्द्र सिहाग के अण्डर 17 की 68 वीं राष्ट्रीय स्तर की कब्बड्डी प्रतियोगिता में सिल्वर मैडल जीतने पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया। सिहाग ने मध्यप्रदेश में आयोजित हुई प्रतियोगिता में राजस्थान का प्रतिनिधित्व करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त कर सिल्वर मैडल जीता। इस उपलक्ष में स्कूल में सिहाग का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। सिहाग का माल्यार्पण कर व प्रतीक चिन्ह् देकर सम्मान किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि भारतीय किसान यूनियन चुरू के जिलाध्यक्ष रामरतन सिहाग ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जैनिथ पब्लिक स्कूल बीनासर ने शिक्षा के क्षेत्र में नये आयाम स्थापित करने के साथ-साथ खेल के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए विद्यालय के साथ चूरू जिले का नाम देश भर में रोशन किया है। आज के विद्यार्थियों को खेल के क्षेत्रों में कैरियर बनाने के लिए कड़ी मेहनत करनी चाहिए। खेल के क्षेत्र में अपार सम्भावनाएँ है। कार्यक्रम में युवा जाट महासभा के जिलाध्यक्ष रणजीत कड़वासरा, पूर्व अध्यक्ष सुगनाराम भाकर, समाजसेवी राजेन्द्र बलारा, संस्था निदेशक ताराचंद भाकर आदि ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम में भानीराम भाकर, महेन्द्रसिंह, खिलाड़ी सुरेन्द्र सिहाग के पिता रामनारायण सिहाग, ओमप्रकाश जाखड़, ताराचंद सिहाग आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन प्रधानाध्यापक नरेन्द्र कुमार भाम्बू ने किया।

### मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा 27 को

**झुंझुनूं,(निसं)।** चुडैला गांव में 27 नवंबर को नवनिर्मित ठाकुर जी महाराज के मंदिर में भगवान ठाकुर जी की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा सुबह 10.15 बजे विधिवत रूप से वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ होगी। मंदिर कार्यक्रम कमेटी के मुकेश दाधीच ने बताया कि चुडैला गांव में बने ठाकुर जी महाराज के मंदिर का जीर्णोद्धार करवाया गया। जिसमें भगवान ठाकुर जी की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा 27 नवंबर को सुबह 10.15 बजे विधिवत रूप से की जाएगी। मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर रविवार से विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम के साथ शुभारंभ होगा। वहीं 25 नवंबर सोमवार को सुबह 8.15 बजे विशाल कलश यात्रा निकाली जाएगी। जिसमें सैंकडों महिलाएं शामिल होंगी। यह कलश यात्रा गांव के मुख्य मार्गों से होते हुए निकाली जाएगी। इसके बाद सुबह 10.30 बजे गणेश पूजन किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान मंगलवार को सुबह 8.15 बजे भगवान ठाकुर जी की मूर्ति को नगर भ्रमण करवाया जाएगा। वहीं 9.30 बजे विभिन्न पूजा अर्चना होगी। रात्रि को विशाल भजन संध्या का आयोजन होगा। जिसमें प्रसिद्ध भजन गायक कलाकार रोचक एवं मनभावन भजनों की प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम के दौरान 27 नवंबर को सुबह 10.15 बजे भगवान ठाकुर जी की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा होगी एवं शाम को विशाल भंडारे का आयोजन होगा। जिसमें हजारों श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे।

### व्यापारी से हुई 10 लाख की लूट

**झुंझुनूं,( निसं)।** सदर थाना इलाके के रिजाणी बस स्टैंड के समीप एक हार्डवेयर के व्यापारी के साथ 10 लाख रूपए की लूट की वारदात का मामला सामने आया है। बिरमी गांव निवासी विजेंद्र कुमार ने बताया कि उसकी झुंझुनूं शहर के बाकरा मोड के समीप एक प्लाईवुड की दुकान है। वह अपने गांव से 10 लाख रूपए लेकर झुंझुनूं आ रहा था। तो रिजानी बस स्टैंड पर एक अज्ञात व्यक्ति ने उससे लिफ्ट ली। इस दौरान इस अज्ञात व्यक्ति ने विजेंद्र कुमार को बातों में भी उलझाया और कहा कि आगे से उसका एक साथी आ रहा है। इसी दौरान सामने से एक बाइक पर युवक आया। जिसके बाद विजेंद्र कुमार ने अपनी गाडी रोकी। आरोपियों ने चाकू से हमला कर विजेंद्र कुमार की गाडी में रखे 10 लाख रूपए लूट लिए और फरार हो गए। घायल विजेंद्र कुमार अस्पताल में भर्ती है। मौका मुआयना करने के लिए सिटी डीएसपी वीरेंद्र शर्मा भी पहुंचे। सिटी डीएसपी वीरेंद्र शर्मा ने बताया कि विजेंद्र कुमार की रिपोर्ट पर सदर थाने में अज्ञात लोगों के खिलाफ 10 लाख रूपए लूट का मामला दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

### प्रिंस सैनिक स्कूल फाइनल में

**सीकर ।** जिला हैंडबॉल संघ के तत्वावधान में पालवास रोड, सीकर स्थित प्रिंस सैनिक स्कूल में जिला स्तरीय हैंडबॉल सीनियर व जूनियर छात्र-छात्रा वर्ग का आयोजन किया जा रहा है।प्रतियोगिता के प्रथम दिन 9 मैच खेले गये जिसमें जूनियर छात्र वर्ग में प्रिंस एकेडमी, सीकर ने बाय को 15-6 से, सेवन स्टार क्लब ने खाटूश्याम जी को 15-14 से, दूजोद क्लब ने गोल्डन स्टार को 11-9 से एवं सेवन स्टार ने प्रताप क्लब को 13-11 से पराजित किया।जूनियर छात्रा वर्ग में खाटूश्याम जी ने दुजोद क्लब को 12-4 से एवं एक्सीलेंस ने बाठोद को 17-9 से पराजित किया।सीनियर छात्र वर्ग में खाटूश्याम जी ने दुजोद क्लब को 13-11 से, सीनियर छात्रा वर्ग में पणिहारवास ने दुजोद क्लब को 13-10 से एवं खाटूश्याम जी ने बाठोद को 13-10 से पराजित किया।प्रतियोगिता के दूसरे दिन जूनियर छात्र वर्ग में प्रिंस एकेडमी ने सेमीफाइनल में प्रताप क्लब को 16-4 से पराजित कर फाइनल में प्रवेश कर लिया है जहां उसका मुकाबला सेवन स्टार क्लब से होगा।इसी प्रकार सीनियर छात्र वर्ग का फाइनल मुकाबला सेवन स्टार, डूकिया व बाय के मध्य, सीनियर छात्रा वर्ग का फाइनल एक्सीलेंस व प्रताप क्लब, पलसाना के मध्य एवं जूनियर छात्रा वर्ग का फाइनल एक्सीलेंस व खाटूश्याम जी के मध्य खेला जायेगा।

### गांवों में नवीन आंगनबाड़ी केंद्र स्वीकृत

**रतनगढ़,(निसं) ।** रतनगढ़ विधानसभा क्षेत्र में ग्रामीणों की मांग पर विधायक पूसाराम गोदारा ने क्षेत्र के 5 गांवों में नवीन आंगनबाड़ी केंद्र खोलने की स्वीकृति दिलवाई है। नवीन आंगनबाड़ी केंद्र खुलने से यहां के ग्रामीणों को उचित सुविधा होगी। इस संबंध में जानकारी देते हुए विधायक गोदारा ने बताया कि ग्राम पंचायत टिडीयासर के गांव कादिया में नायकों की ढाणी, ग्राम पंचायत बीरमसर के गांव ठठावता में मेघवालों की ढाणी, ग्राम पंचायत जेगणिया बिदावतान के गांव जेगणिया बीकान में राजपूतो का मोहल्ला, ग्राम पंचायत भानीसरिया तेज के गांव राजपुरा निमड़ी चारणान में एवं चक राजियासर में जाटों के मोहल्ले में नवीन आंगनबाड़ी केंद्र खोलने की स्वीकृति जारी हुई है। नवीन आंगनबाड़ी केंद्र की सौगात देने पर ग्रामीणों ने विधायक पूसाराम गोदारा का आभार व्यक्त किया है।